प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने डिजिटल साक्षरता पर प्रशिक्षण दिया

पन्तनगर। 08 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र–छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल लिटरेसी दिवस के अवसर पर हाडिल डेरी कालोनी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें साइबर क्राइम जैसी घटनाओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा उन्हें भिन्न–भिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

इसके साथ ही ऑनलाइन एप्स जैसे गोराशक्ति, गूगल पे, गूगल मेप, शॉपिंग तथा शिक्षा पर आधारित एप्स के बारे में जानकारी दी। छात्राओं द्वारा पेम्पलेट तथा फोल्डर स्थानी लोगों को वितरित किये गये। गांव के लोगों ने ऑनलाइन एपलिकेशन सिखने में अपनी रूची व्यक्त की। इस एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग के डा. अनुपमा पाण्डे, डा. पूजा टम्टा एवं डा. प्रियंका जलाल के दिशा निर्देश में किया गया।



*लोगों को जागरूक करते विद्यार्थी।*